**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, माननीय सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गए <u>अतारांकित प्रश्न संख्या–10 का उत्तर।</u>**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 10. (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन नव निर्मित डालीबाग कालोनी के ब्लाक संख्या–4 के अनुरक्षण हेतु विगत 3 वर्षों में कितनी धनराशि आवंटित की गयी? | राज्य सम्पत्ति विभाग के नियन्त्रणाधीन नवनिर्मित डालीबाग कॉलोनी के ब्लाक संख्या–4 में श्रेणी–1 के कुल 16 आवास हैं। उक्त भवन चार मंजिल का है। विगत 3 वर्षों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में लोअर डालीबाग स्थित नवनिर्मित ड्राइवर कॉलोनी के ब्लाक संख्या–4 में सीलन, छज्जों की मरम्मत, कुछ आवासों में किचेन के कार्य, क्षतिग्रस्त बाहरी दीवार में प्लास्टर व रंगाई–पुताई आदि मरम्मती कार्यों हेतु राज्य सम्पत्ति अनुभाग–4 के आदेश संख्या–आ–1498 / 2022 / 32–4 / 005–21–19, दिनांक 23 नवम्बर, 2022 द्वारा रू0 9.93 लाख की धनराशि आवण्टित की गई। |
| (ख) क्या उक्त भवन में कराये गये कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया गया या उक्त भवन के अध्यासियों से लिखित जानकारी की गयी? | जी हॉ, भौतिक सत्यापन कराया गया है। |
| (ग) क्या उक्त ब्लाक के भवनों में कराये गये कार्यों के बाद भी आवासों में सीलन की समस्या बनी हुई है? | जी नहीं, वर्तमान में उक्त ब्लाक के किसी भी आवास में सीलन की समस्या नहीं है। |
| (घ) यदि हॉ, तो कब तक उक्त समस्या का समाधान करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्य मंत्री।**